हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 23 अगस्त, 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## जेल से बाहर आते ही धमकी देने पहुंचे युवक की पिता-पुत्र ने की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जेल से जमानत पर छूटने के बाद धमकी देने पहुंचे युवक की हत्या के मामले में पिता और पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक आरोपी की पत्नी, युवक के एक मामले में गवाह थी, जिस पर उसे सजा हुई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि घटना श्याम नगर कैम्प 2 निवासी सोनू राव की हत्या उसी के घर के सामने ही आरोपियों ने चाकू से गोद गोदकर कर दी। सूचना पर पुलिस जांच में पहुंची और पिता-पुत्र को तुंरत पकड़ लिया। जांच में पता चला कि आरोपी सुधाकर महुरे और धना दोनों आपस में पिता-पुत्र है। सोनू राव का आरोपियों से रंजिश थी, इसे लेकर गुरुवार की रात जमकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी सुधाकर व धना अपने हाथ मे रखे धारदार चाकु से सोनू राव के पेट में कई वार किया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सोनू हत्या के मामले में हाल ही में जेल से छुटकर आया था। सोनू पांच साल पहले मोहल्ले के एक युवक की हत्या की थी। इसमें आरोपी सुधाकर की पत्नी की गवाही थी। बयान के आधार पर उसे न्यायालय ने सजा सुनाई थी। सोनू जमानत पर बाहर आने के बाद वह नशे की हालत में आरोपी के घर धमकी देने गया था। जहां बाप-बेटे से उसकी कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर पिता पुत्र ने मिलकर सोनू को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। कार्रवाई में छावनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## ज्वेलरी दुकान में लाखों की चोरी, तीन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जेवलरी शॉप में चोरी मामले में पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम मेढेसरा नंदनी के मां दुर्गा ज्वेलर्स का शटर तोड़कर चोरी करने की सूचना पुलिस को मिली थी। एसीसीयू और थाना नंदनी की टीम ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। मुखबिर की सूचना पर छावनी के निगरानी बदमाश कैम्प 1 छावनी निवासी बादल सोनी किराये का मकान लेकर ग्राम बोड़ेगॉव में रह रहा है। जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने पकडा, पूछताछ करने पर अपने दोस्त तिलइरवार (टप्पा) राजनांदगांव सूरज कोसरे, नितिन झाडे, धनेश्वर साहू के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने शॉप में पहले रेकी कर सीसीटीवी कैमरों को डिस्कनेक्ट कर शटर को सब्बल से उखाड़ा। पूर्व दो सिद्धि की धारा जोड़कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो चांदी के जेवरात 4 लाख रुपये, दो बाइक, सब्बल जब्त किया।

गौरतलब है कि दो माह से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई थीं। इसको लेकर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने एसीसीयू और नंदिनी पुलिस को टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। धमधा एसडीओपी व एसीसीयू की टीम ने मिलकर बड़े मामले को पर्दाफाश किया है।










छत्तीसगढ़ के जननायक, कर्मवीर
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव
पूर्व मुख्यमंत्री
( छ. ग. शासन )
भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
23 अगस्त
प्रतिमा चंद्राकर
पूर्व विधायक, दुर्ग ग्रामीण
सिध्दार्थ चंद्राकर
दीप सारस्वत
क्षितिज चंद्राकर
प्रदेश अध्यक्ष AIPC (C.G.)
BABA RADIUM 98271-11705

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 23 अगस्त, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

### 25 से 29 अगस्त तक तीजहारिनों को मिलेगी सुविधा

## तीजा फेस्टिवल के लिए स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



तीजा त्यौहार के लिए रेलवे ने तीजा फेस्टिवल ट्रेने शुरु की है। इसमें ट्रेन 06805/06806 रायपुर-ताड़ोकी-रायपुर फास्ट मेमू शुरु किया है। इसमें ट्रेन 06805 रायपुर-ताड़ोकी तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू रायपुर से 25 व 29 अगस्त 6 बजे रवाना होगी। कुम्हारी आगमन 6.11 बजे, प्रस्थान 6.13 बजे, भिलाई आगमन 6.27 बजे, प्रस्थान 6.29 बजे, भिलाई पावर हाउस आगमन 6.33 बजे, प्रस्थान 6.35 बजे, दुर्ग आगमन 6.50 बजे, प्रस्थान 7 बजे, मरोदा आगमन 7.11 बजे, प्रस्थान 7.21 बजे, पउवारा हॉल्ट आगमन 7.28 बजे, प्रस्थान 7.29 बजे, रिसमा आगमन 7.40 बजे, प्रस्थान 7.41 बजे, गुंडरदेही आगमन 7.51 बजे, प्रस्थान 7.52 बजे, सिकोसा आगमन 8 बजे, प्रस्थान 8.01 बजे, लाटाबोर आगमन 8.8 बजे, प्रस्थान 8.9 बजे, बालोद आगमन 8.18 बजे, प्रस्थान 8.19 बजे, भैसबोध आगमन। मरोदा आगमन 14.37 बजे, प्रस्थान 14.47 बजे, दुर्ग आगमन 15.05 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, भिलाई पावर हाउस आगमन 15.26 बजे, प्रस्थान 15.28 बजे, भिलाई आगमन 15.33 बजे, प्रस्थान 15.35 बजे, कुम्हारी आगमन 15.45 बजे, प्रस्थान 15.47 बजे होते हुये 16.25 बजे रायपुर स्टेशन पहुंचेगी।

## इंदौर शहर का स्वच्छता मॉडल देखा भिलाई निगम के मेयर व पार्षदों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई शहर के सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता मॉडल प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इंदौर स्वच्छता मॉडल का प्रशिक्षण अंतर्गत गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का अवलोकन किया। प्रशिक्षक द्वारा बताए जानकारी एवं अवलोकन अनुसार इंदौर शहर को संचालित करने हेतु 22 जोन बनाए गए हैं, कुल 85 वार्ड हेतु गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन की संख्या 10 है।

### सूखा कचरा के लिए हाइड्रोलिक टैंक

मेयर की टीम ने देखा कि सूखा कचरा वाहन के पीछे होता है जिसे एक मशीन से संचालित हाइड्रोलिक टैंक में पलटा जाता है। इसमें ज्यादातर डिस्पोजल, पॉलिथीन, रैपर एवं प्लास्टिक आइटम होता है। जो ठोस अपशिष्ट सेग्रीगेशन हेतु प्रोसेसिंग सेंटर भेज दिया जाता है। दूसरा गिला कचरा का भी एक मशीन संचालित केन में पलटा जाता है। गीले कचरे का खाद एवं गैस निर्माण हेतु उपयोग किया जाता है। एवर एनवायरमेंट रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बायो सीएनजी संयंत्र गीले कचरे का प्रसंस्करण किसकी क्षमता 550 टीपीडी है।




### सीबीजी प्लांट से पाई तकनीकी जानकारी

सभी जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण सीबीजी प्लांट का अवलोकन कर संचालन एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तार से समझे सूखे कचरो के निपटान हेतु नेप्रा रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 22 आइटम का सेग्रीगेशन हेतु 100 टीपीडी क्षमता वाले वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। जिसका अवलोकन कर संचालन की तकनीकी को बारीकी से समझे। यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। ब्यूटीफिकेशन को प्राथमिकता दिया गया है और हम नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरुक हैं। स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान महापौर नीरज पाल, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद सदस्य, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं आधिकारी उपस्थित रहे।

### म्यूल खाते में लाखों का ट्रांजेक्शन, दो पकड़ाए

**भिलाई।** म्यूल खाते के नाम परठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गृह मंत्रालय से संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से मिले म्यूल खाते के नंबर की जानकारी मिली थी। पुलिस बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुपेला के खाता धारक के पास पहुंची। पता चला कि ढांचा भवन कुरुद निवासी नरेश कुपाल पहचान दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि देकर खाता खुलवाया। ऑनलाइन ठगी की रकम लेकर कर आरोपी पंचमुखी हनुमान मंदिर कुरुद जामुल निवासी सचिन यादव, राहुल निषाद अवैध धनलाभ अर्जित करने के लिए खाते का उपयोग करते थे। खाते में अवैध रूप 1 लाख 19 हजार 98 रुपए को आनलाइन ठगी करते खाते में रकम जमा किया गया। सायबर ऑनलाइन ठगी की रकम आने पर नरेश कुपाल ने रकम को लेने पर युवकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी।






हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## बेटियों को दी शिक्षण सामग्री आत्मरक्षा करने किया जागरूक



■ बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के विशेष कार्यक्रम में दी भागीदारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को 25 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन इस वर्ष को रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्हीं गतिविधियों की श्रृंखला में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन परियोजना भिलाई-1 के सेक्टर खुर्सीपार, जोन-3 में किया गया। इस आयोजन में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

संस्था द्वारा लगभग 50 किशोरी बालिकाओं को स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई, जिससे उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग मिल सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदीप पिल्ले ने बालिकाओं को लिंग समानता, बालिका भ्रूण हत्या की रोकथाम, बाल विवाह के दुष्परिणाम तथा उच्च शिक्षा के महत्व के संबंध में प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब बेटियों को समान अवसर मिले और वे आत्मनिर्भर बनें। वहीं सुपरवाइजर कंचन महतो ने गुड टच–बैड टच पर जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया। इस माध्यम से उपस्थित बालिकाओं को सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यह प्रस्तुति बालिकाओं के लिए उपयोगी व प्रभावशाली सिद्ध हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जन एवं बालिकाओं को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई और जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें क्षेत्रवासियों को अभियान का संदेश दिया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर वितरित किया गया, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार लाया जा सके। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता अनीता डाहरे, अनीता सिंह, सीमा चौरसिया, संजू कुमारी, संजू कश्यप, पुष्पा छाबड़ा, माधुरी, संतोषी निर्मलकर, आशा पाठक प्रकाश देशमुख, विशाखा मनगुडे और अजीत सिंह मौजूद थे।



● दुर्ग, रिसाली और मड़ियापार जगह-जगह होंगे पारंपरिक खेलों के आयोजन

# पोला पर आज घर-घर होगी पशुधन की पूजा, पारंपरिक व्यंजनों का लगेगा भोग, मिट्टी के बैलों-खिलौनों से सजा बाजार

किसानों का सबसे बड़ा और पारंपरिक पोला पर्व ट्विनसिटी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। परंपरानुसार इस दिन पशु दौड़ और मेलों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के मड़ियापार और रिसाली में पोला पर्व पर मेले का आयोजन किया गया है। शनिवार को मनाए जाने वाले पोला पर्व से पहले ही बाजारों में मिट्टी और काठ से बनाए गए बैलों की जोड़ियों और पूजन सामग्री को खरीदने वाले की भीड़ रही। पावर हाउस, रिसाली, सुपेला, दुर्ग इंदिरा मार्केट सहित सभी बाजारों में मिट्टी के बैलों की जोड़ी 120 से लेकर 200 रुपए तक बिक रहे है। इस दिन लोग पूड़ी, गुड़, चीला, ठेठरी, खुर्मी का भोग भी लगाते हैं।

**भिलाई।** भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पोला त्योहार, खरीफ फसल के दूसरे चरण का कार्य निंदाई गुड़ाई पूरा हो जाने पर मनाते हैं। फसलों के बढ़ने की खुशी में किसानों द्वारा बैलों की पूजन कर कृतज्ञता दर्शाने के लिए भी यह पर्व मनाया जाता है।

आज सभी घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी, गुड़-चीला, गुलगुला, बरा, मुरकू, भजिया, मूठिया, गुजिया, तसमई जैसे कई छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए जायेगे। इन पकवानों को सबसे पहले बैलों की पूजा कर भोग लगाया जायेगा। इसके बाद घर के सदस्य प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। बैलों की दौड़ भी आयोजित की जायेगी। हरेली के दिन बनायी गई गेड़ी का पोला तिहार के दिन विसर्जन करने की परंपरा है।



### 26 को तीजा पर्व, मायके जाने के लिए महिलाएं उत्साहित



छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित बिहार आदि क्षेत्रों में तीजा हरतालिका तीज की विशिष्ट परम्परा है, महिलाएं तीजा मनाने ससुराल से मायके जाती हैं। तीजा मनाने के लिए बेटियों को पिता या भाई ससुराल से लिवाकर लाते है। छग में तीजा पर्व का इतना अधिक महत्व है कि बुजुर्ग महिलाएं भी इस खास मौके पर मायके आने के लिए उत्सुक रहती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करू भात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखेंगी। तीजा के दिन बालू से शिवलिंग बनाकर फूलों का फुलेरा से साज-सज्जा की जायेगी। महिलाएं भजन-कीर्तन कर पूरी रात जागकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करती हैं। तीजा के दूसरे दिन महिलाएं एक दूसरे के घर मेल मुलाकात करने के लिए जाती हैं।

### बैलों की होगी तेल मालिश करेंगे साज-सज्जा



पोला पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व विशेष रूप से किसानों और उनके सबसे महत्वपूर्ण साथी, बैलों को समर्पित है। इस दिन बैलों की पूजा की जाती है। पोला के दिन किसान अपने बैलों से कोई काम नहीं लेते और इनके गले की रस्सी भी निकाल देते हैं। किसान अपने बैलों की तेल से खूब मालिश करते हैं। ताकि उसके बैल सुंदर नजर आ सकें। बाद में इन बैलों को नहलाकर रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाया जाता है। बैलों को आभूषण भी पहनाया जाता है। पोला पर्व मनाने वाले हिन्दू धर्मावलंबी, पशुधन को भोग लगाने के लिए अपने घरों में विशेष तरह के पकवान बनाते हैं।

**पर्व को लेकर प्रचलित कथा :**
पोला को लेकर प्रचलित कथा अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए कंस ने कई प्रयास किए, लेकिन वो इस काम में सफल नहीं हो पाया। तब कंस ने पोलासुर नाम का एक राक्षस श्रीकृष्ण को मारने के लिए भेजा। पोलासुर बैल का रूप लकर पशुओं के साथ शामिल हो गया। श्रीकृष्ण ने पशुओं के झुंड में भी उसे पहचान लिया और उसका वध कर दिया। तभी से बैल पोला का पर्व मनाया जा रहा है।

### मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व

छत्तीसगढ़ का पोला तिहार मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। खेती किसानी में बैल और गौवंशीय पशुओं के महत्व को देखते हुए इस दिन उनके प्रति आभार प्रकट करने की परम्परा है। छत्तीसगढ़ के गांवों में नादिया बैलों को विशेष रूप से सजाया जाता है। उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। घरों में बच्चे मिट्टी से बने नादिया बैल और बर्तनों के खिलौनों से खेलते हैं। सभी घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए जाते हैं और उत्सव मनाया जाता है। बैलों की दौड़ भी इस अवसर पर आयोजित की जाती है। हरेली के दिन बनायी गई गेड़ी का पोला तिहार के दिन विसर्जन किया जाता है।

### चीचा गांव के लोग राव देवता को चढ़ाते हैं मिट्टी के नांदिया बैल

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आज भी अपने पुरखों के द्वारा स्थापित लोक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर उनके प्रति अगाध आस्था प्रकट करते हैं। यही बात चीचा गांव विकास खंड पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में भी प्रचलित है। यहां के लोग बुजुर्गों, पुरखों द्वारा ग्राम की उत्तर दिशा में स्थापित लोक देवता जिसे राव देवता के रूप में पूजते हैं। जनजाति शोधार्थी व लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा ने बताया कि यहां पर पोला त्यौहार के दिन ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के लोग भी कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के नांदिया बैल चढ़ाते हैं और अपनी आस्था को प्रकट करते हैं। इसके पीछे उनकी मान्यता यह है कि 'राव देवता' ग्राम के रक्षक देव हैं। साथ में खेती की किसानी से जुड़े होने के कारण धन, जन, सुख-समृद्धि, वंश वृद्धि की कामना से लोग पोला के दिन सुबह से वहां जाकर हूम-धूप देकर नांदिया बैल अर्पित करते हैं। यह परंपरा विगत चार-पांच शताब्दियों से अनवरत चल रहा है। वर्तमान में वहां पर ग्राम पंचायत द्वारा बलराम और दो बैलों की मूर्ति सीमेंट बनाकर स्थापित की गई है। आज भी लोग उस स्थल और देवता को 'राव देवता' के नाम से जानते हैं। इस ग्राम में बगदई माता के साथ ही अन्य लोक देवी-देवता ग्राम के चारों दिशा में स्थापित किए गए हैं। वहीं वर्तमान में चीचा वेटलैंड और प्रवासी पक्षियों के लिए छत्तीसगढ़ सहित भारत में चर्चित ग्राम हो गया है। अब यहां पक्षी अध्ययनकर और विशेषज्ञ काफी संख्या में आने लगे हैं।

### तीज पर्व की तैयारियों में महिलाएं



### इस दिन खेती की नहीं होती अनुमति, अंचल में विभिन्न खेलों का किया जाता है आयोजन

पोला पर्व की पूर्व रात्रि को गर्भ पूजन किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है। धान के पौधों में दुध भरता है। इसी कारण पोला के दिन किसी को भी खेतों में जाने की अनुमति नहीं होती। दूसरी ओर पर्व के दिन कई तरह के खेलों का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें खो-खो, कबड्डी जैसे अन्य प्रचलित खेल खेले जाते हैं। इन खेलों को खेलने से लोगों में पर्व को लेकर अलग ही उत्साह नजर आता है।

सिटी इवेंट

## सुविधाओं से वंचित शालाओं में किया सहयोग, बैंच, पंखे व फ्रीजर



**भिलाई।** शासकीय स्कूलों में अब तस्वीर बदल रही है। जहां अब बच्चे सर्व सुविधायुक्त माहौल में अपना भविष्य गढ़ सकेंगे।सीएसआर विभाग के मद से शासकीय स्कूल में बैंच, पंखे, फ्रीजर आदि प्रदान किये गए। जिससे स्कूल के बच्चों और स्टॉफ खुश दिखाई दिए। आई डी बी आई बैंक शाखा नेहरू नगर द्वारा सीएसआर विभाग से सुविधा विहीन और संसाधनों से वंचित शालाओं जिनमें शासकीय प्राथमिक शाला बी आर पी महुवारी मरोदा में बैंच, टेबल, ग्रीन बोर्ड, साउंड सिस्टम, प्रिंटर शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन मरोदा में वाटर प्यूरीफायर, फ्रीजर, प्रिंटर और शापूमा विद्यालय टंकी मरोदा में सिलिंग फैन, साउंड सिस्टम, लाइब्रेरी के लिए दराज, प्रिंटर उचित शिक्षण गतिविधियों, उत्तम स्वास्थ्य पंजियो की उचित रखरखाव को ध्यान में रखते हुए यह सभी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर नेहरू नगर शाखा प्रबंधक अनूप विश्वकर्मा, जश्मित सिंह भाटिया, अमृत सिंह, बीरेंद्र, ईश्वरी साहू, चंद्रप्रकाश, मोतीलाल ब्रदर्स, भरतलाल इश्दा, वेदकुमार साहू, तीनों शालाओं के प्रधान पाठक सहित अन्य शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शायर नौशाद सम्मानित होंगे बागपत में, आकाशवाणी से प्रसारण आज



**भिलाई।** अंचल के शायर नौशाद अहमद सिद्दीकी की ग़ज़लों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर रेडियो स्टेशन के साहित्यिक पत्रिका पल्लवी के कार्यक्रम में शनिवार की सुबह 10 बजे होगा। इसकी रिकॉर्डिंग कार्यक्रम प्रभारी संपादक प्रकाश उदय ने की है। इसके अलावा शायर नौशाद सिद्दीकी देश के प्रमुख मंचों पर ससम्मान आमंत्रित किए गए हैं। 24 अगस्त को अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन बागपत उत्तर प्रदेश के कार्यक्रम में नौशाद सिद्दीकी का सम्मान किया जाएगा। वहीं वे 25 अगस्त को मेरठ सिटी उत्तर प्रदेश में आल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन में नामचीन शायरों कवियों कवित्रियों के साथ मंच साझा करेंगे।

ब्रजमंडल के राधा कृष्ण मंदिर में हरिरा, खीर का लगाया भोग

# पंचामृत से स्नान कर लड्डू गोपाल की छठी पर गाए सोहर गीत, वासुदेव और माता यशोदा को दी बधाई

कार्नर न्यूज

भिलाई। ब्रजमंडल भिलाई के सेक्टर -6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण के जन्म के छठवे दिन भगवान बालकृष्ण के छठी का पर्व भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्रजमंडल सखियां महिला समिति और महिला श्रद्धालुओं ने सोहर गीत गाकर माता यशोदा और नंद बाबा को बच्चे के जन्म की बधाईयां दी। साथ ही हरिरा, खीर और कढ़ी चावल का भोग लगाया गया।



### हुआ गोपाल सहस्त्रनाम स्तोत्र पाठ

छठी पर्व के अवसर पर पं. सरजू प्रसाद द्विवेदी ने भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल का पंचामृत से स्नान कराकर गोपाल सहस्त्रनाम स्तोत्र पाठ करते स्नान कराकर भगवान को पीले वस्त्र धारण कराए। भगवान कृष्ण का सुंदर मनोहारी श्रृंगार किया। जिसके बाद माखन मिश्री का भोग लगाकर विशेष पूजन किया। महिला श्रद्धालुओं ने भगवान के जन्मोपरांत बधाई गीत और सोहर, भजन कीर्तन करते हुए तथा नाच गाकर आनंद उत्सव मनाया।

### झूले को मनमोहक तरीके से किया सुसज्जित



महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भगवान बालकृष्ण के विग्रह को विशेष रूप से फूलों, गुब्बारों से सुसज्जित झूले में विराजित किया गया और झूला झूलाया। छोटे बालक को भगवान श्री कृष्ण के रूप में सजा कर उनके माता-पिता के रूप में वासुदेव और यशोदा माता का रुप धारण कर सजीव, जीवंत झांकी द्वारा प्रदर्शित की गई। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान बालकृष्ण के लिए विभिन्न उपहार,फल और मिठाइयां अर्पित की। विशेष रूप से हरिरा, स्वादिष्ट व्यंजन और खिचड़ी का भोग लगाया गया। आनंद और उल्लास के साथ सभी श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ब्रजमंडल सखियां महिला समिति की ओर से अनुराधा मंगल, भावना तोमर, मधु वार्ष्णेय, शैलजा वार्ष्णेय, दीपशिखा राघव, साधना गोयल, आरती शर्मा, अनिता यदुवंशी, मोनिका मंगला, सुनीता वर्मा, उषा शर्मा, चित्रा राघव, सुनीता शर्मा, मनीषा गुप्ता, शीला सिंह, के.वी. इंदिरा, कुमकुम गुप्ता, भारती गोयल, शशिप्रभा वर्मा, मीना राणा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## सिटी इवेंट

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम दिव्या व निहारिका को मिला तीसरा स्थान



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024-25 का परिणाम पिछले माह घोषित किया गया। यह परीक्षा 22 राज्यों में 11 भाषाओँ में आयोजित परीक्षा ब्लाक, तहसील, जिला तथा राज्य स्तर पर आयोजित की जाती है। जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक बच्चे भाग लेते है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष छत्तीसगढ़ से दो लाख से अधिक बच्चे भाग लिए थे। इसमें दुर्ग जिला से 3800 बच्चों ने भाग लिया। इस बार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शहीद वीर नारायण सिंह विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम भिलाई जिला दुर्ग के आठवीं की छात्रा दिव्या वर्मा पिता दशरथ राम वर्मा को प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार और निहारिका ठाकुर पिता संतोष ठाकुर कक्षा 8वीं को छत्तीसगढ़ राज्य स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। दिव्या वर्मा और निहारिका ठाकुर को शांतिकुंज हरिद्वार से प्रेषित नगद राशि और प्रशस्तिपत्र शहीद वीर नारायण सिंह विद्यालय रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के स्कूल प्रांगण में दिया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा दुर्ग जिला के प्रभारी राजकुमार सिंह, संस्था के प्राचार्य वेद प्रकाश देवांगन, सुशीला देवांगन द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम से डॉ.दयाला साहू, बी.आर.श्रीवास, रामकली साहू,विद्यालय की शिक्षिका ननकी निर्मलकर, यामनी पटले, ढाल श्री ठाकुर, रागनीक, वंदना साहू, दीपक ठाकुर, बी.सिंह, कविता साहू, सुमन निर्मलकर, द्रोपती निषाद, अलका ध्रुव, रंजीता हरिनखेड़े, विद्या देवांगन, आमनी वर्मा, रीतू सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




## इवेंट लाइव

# बीएसपी सोसाइटी सेक्टर-6 की वार्षिक आमसभा 24 अगस्त को



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड सेक्टर-6 की वार्षिक आमसभा 24 अगस्त को परशुराम भवन सेक्टर-2 में रखी गई है। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा ने बताया कि सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक यह आमसभा विभिन्न बिंदुओं पर कार्यवाही के साथ होगी। जिसमें अध्यक्ष का वार्षिक प्रतिवेदन, अंकेक्षित वित्तीय पत्रक वर्ष 2024-25 का अनुमोदन,वर्ष 2024-25 का देय लाभांश का अनुमोदन, कर्मचारियों को वर्ष 2023-24 के लिए माह अक्टूबर 2024 में किए गए। एक्सग्रेशिया राशि भुगतान का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेखा पत्रकों का अंकेक्षण के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति, वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन सहित कई अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी। श्री मिश्र ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

## एजुकेशन इवेंट

# जीवन में चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़े, हर पल उत्सव के रूप में मनाएं



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग क्षेत्रीय अपर संचालक व शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सम्मान समारोह तो केवल औपचारिकताएँ होती है वास्तव में सम्मान तो दिलों में होता है। डॉ. पाण्डेय सहज और सरल स्वभाव के रहे हैं। उनके कार्यकाल में दुर्ग संभाग में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुए जो उच्च शिक्षा के लिए एक अनूठी उपलब्धि है। इस अवसर पर डॉ. राजेश पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त करतें हुए कहा कि मनुष्य को जो भी प्राप्त होता है वह ईश्वर द्वारा पूर्व निर्धारित होता है हमें अपने पुरूषार्थ को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। जीवन में परेशानियाँ तो बहुत आती है उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए आनंद के साथ सामना करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए और जीवन को हर पल उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। इस अवसर डॉ. अनुजा चौहान, विभागाध्यक्ष गणित ने भी अपने विचार रखे। अंत में डॉ. राजेश पाण्डेय का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

## तेलगा महिला समाज ने किया वरलक्ष्मी पूजा का आयोजन, पारंपरिक वेशभूषा में किया शास्त्रीय नृत्य

# वरलक्ष्मी का व्रत रख घर में पदार्पण करने की विनती ललिता सहस्त्रनाम का पाठ कर सुख-समृद्धि की कामना

**भिलाई।** गहरे लाल रंग की पारंपरिक वेशभूषा में सभी अष्टलक्ष्मी के उत्सव विग्रहों को नूतन वस्त्र धारण कराया और उसके बाद उन्हें आभूषणों तथा फूलों से सजाकर भक्तिभाव से पूजा स्थल पर स्थापित किया। विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ अष्टलक्ष्मी की पूजा-अर्चना वरलक्ष्मी माता की कथा सुनी। ललिता सहस्त्रनाम का पाठ किया और शाम को विसर्जन किया गया।

भक्ति भाव का यह संगम शुक्रवार को दक्षिण भारतीय महिलाओं द्वारा आयोजित वरलक्ष्मी पूजा के दौरान देखने को मिला। जहां समाज के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। सेक्टर 4 स्थित जगन्नाथ मंदिर भवन में भिलाई तेलगा महिला समाज ने शुक्रवार को धन, समृद्धि और सौभाग्य की देवी वरलक्ष्मी का व्रत रखकर घर में उनके पदार्पण के लिए पूरी श्रद्धा तथा आस्था के साथ आह्वान किया। बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं ने माता लक्ष्मी को समर्पित इस पर्व पर अपने परिवार के सुख, शांति, समृद्धि और ऐश्वर्य के लिए देवी लक्ष्मी के वरलक्ष्मी स्वरूप की पूजा-अर्चना की। साथ ही सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए कुमकुम पूजा तथा चेतना के शुद्धीकरण एवं मन को नकारात्मक विचारों से मुक्त रखने के लिए देवी ललिता की स्तुति में उनके हजार नामों का पाठ भी किया। सभी अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद शाम को उत्सव विग्रहों का विसर्जन किया गया।





### वरलक्ष्मी व्रत की महिमा बताई पंडित ने

गहरे लाल रंग की पारंपरिक वेशभूषा में व्रती महिलाओं ने सभी अष्टलक्ष्मी के उत्सव विग्रहों को नूतन वस्त्र धारण कराया और उसके बाद उन्हें आभूषणों तथा फूलों से सजाकर भक्तिभाव से पूजा स्थल पर स्थापित किया। फिर पंडित साईं प्रसाद ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ अष्टलक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पंडित ने व्रती महिलाओं को माता वरलक्ष्मी की कथा सुनाकर माता की महिमा बताई, साथ ही व्रत की विधि भी बताई। वरलक्ष्मी व्रतोत्सव की कथा के अनुसार मगध के कुंडी नगर में एक धर्मपरायण स्त्री चारुमति रहती थी। जिसकी भक्ति से प्रसन्न होकर माता लक्ष्मी ने स्वप्न में आकर उससे कहा कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को देवी वरलक्ष्मी का व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। चारुमति ने अन्य महिलाओं के साथ यह व्रत रखा जिससे सभी की मनोकामनाएं पूरी हो गईं।



### अष्टलक्ष्मी स्तोत्रम नृत्य ने मोहा सबका मन



व्रतोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें पी दीक्षा ने गणेश वंदना नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की, वहीं गीतिका ने भारतीय शास्त्रीय और समकालीन नृत्य शैलियों का मिश्रित नृत्य फ्यूजन डान्स पेश किया। पी श्रावणी ने भरतनाट्यम के माध्यम से अष्टलक्ष्मी स्तोत्रम नृत्य का प्रदर्शन किया, जिसमें देवी लक्ष्मी के आठों स्वरूपों को दिखाया गया। इसके अलावा कृष्ण वेणी ने अर्द्धनारीश्वर तांडव तथा पी मोक्षा ने शिव की स्तुति में पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अनुष्ठान में उद्योगपति इंद्रजीत सिंह, आंध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष, जी स्वामी, आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, अभा तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवुलु, जिलाध्यक्ष डी मोहन राव, पर्यावरण मित्र राजेश्वर राव, तेलगा समाज के अध्यक्ष पी चंद्रशेखर आदि उपस्थित थे।

## आयोजन...

# सुअर पालन में नवीन वैज्ञानिक तकनीकों और मार्केटिंग की महिलाओं को दी जानकारी



**भिलाई।** ग्रामीण महिलाओं को सुअर पालन की नवीन वैज्ञानिक तकनीको, प्रबंधन कौशल और मार्केट से परिचित कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों सहित जशपुर जिले के 30 महिला पशुपालकों ने भाग लिया। पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर और दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सुकर पालन प्रबंधन और उद्यमिता विकास विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के सभागार में हुआ।

### महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

कृषक कौशल विकास परियोजना द्वारा वित्त पोषित जशपुर जिले की 30 महिला पशुपालकों और प्रशिक्षु प्रभारी डॉ.पारोश्री दिनकर और डॉ. पूनम ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस प्रशिक्षण के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को सुअर पालन की नवीन वैज्ञानिक तकनीको, प्रबंधन कौशल और विपणन रणनीतियों से परिचित कराकर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए किया गया था।

### कम लागत में अधिक लाभ वाला व्यवसाय

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुअर पालन ग्रामीण महिलाओं के लिए कम लागत, अधिक लाभ वाला व्यवसाय है। यदि आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए और संगठित विपणन चैनल तैयार हो तो सुअर पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान कर सकता है। उन्होंने ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की कौशल योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र की महिलाओं को अवश्य मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सतत सूअर पालन किसानों और पशुपालकों की आर्थिक मजबूती का साधन है। व्यवसाय में रोजगार की अपार संभावनाएं है इसलिए प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, कुलसचिव डॉ.बी.पी.राठिया और विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ दिलीप चौधरी की उपस्थिति रही।

### सूकर पालन की दी जानकारी

कार्यक्रम के संयोजक लाइवलीहुड बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ.धीरेंद्र भोसले ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आत्मनिर्भर भारत अभियान में प्रत्यक्ष योगदान करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सुअर नस्ल सुधार, प्रजनन प्रबंधन, टीकाकरण और रोग निवारण, संतुलित आहार निर्माण, सुअर शेड निर्माण, अपशिष्ट प्रबंधन और सुअर मांस विपणन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## साईं झूलेलाल धाम में हुआ आयोजन

# महिलाओं ने नृत्य के माध्यम से भगवान कृष्ण के कराए दर्शन



**भिलाई।** साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में भगवान कृष्ण की छट्ठी शुक्रवार को मनाई गई। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की जीवनी पर आधारित गीत, संगीत, भजन, कीर्तन के आयोजन हुए। महिला मंडली के सदस्यों द्वारा भगवान कृष्ण के पूजन अर्चन के साथ साईं झूलेलाल की आरती, पल्लव,भजन,कीर्तन सत्संग एवं अरदास की गयी। सामाजिकजनों ने हलवा,पूड़ी,चना और खीर का भोग लगाया गया।

सबसे पहले सुबह लड्डु गोपाल को पंचामृत से स्नान करवाकर दक्षिणावर्ती शंख में गंगाजल भरकर लड्डु गोपाल का अभिषेक किया गया। फिर लड्डु गोपाल को पीतांबरी यानि पीले रंग के वस्त्र पहनायें गये। चंदन का टीका लगाकर माखन मिश्री का भोग लगाया गया। महिला मंडल ने राधा कृष्ण का वेश धारण कर सभी भक्तों को रासलीला के माध्यम से प्रभु श्रीकृष्ण की झांकी के दर्शन भी करवाये। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव, सुमन थारवानी,आशा आहूजा, अलका थारवानी, निकिता लालवानी, कंचन वीरवानी, अंजली कृष्णानी,कमला भगत,वंदना कृष्णानी, लता मेहरचंदानी, निर्मला कृष्णानी,पूजा आसनानी,राधा कृष्णानी,चंद्रा हासीजा,शारदा जसेजा, पिंकी थारानी, सरिता थारानी,भूमि बजाज,हर्षा नागदेव,माया थारानी,सुनीता आनंद, कविता डिंगा, निशा खटवानी,सुमन पंजवानी, लता गंगवानी, मंजू पाहुजा,मीना आयलानी, अनिता नारवानी एवं स्थानीय अनेकों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भोग प्रसाद ग्रहण किया।



## सोशल मीडिया की सावधानियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# साइबर फ्रॉड से बचने साफ्टवेयर अपडेट और मजबूत पासवर्ड जरूरी, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा से कराया अवगत

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर साइबर सुरक्षा पुलिस विभाग द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को सायबर फ्रॉड के खतरों और उनसे बचने के उपायों और साफ्टवेयर अपडेट रखने, चाईल्ड हेल्पलाईन, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिससे संबधित कई प्रश्नों के उत्तर भी पुलिस विभाग के अधिकारियों ने दिया। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग एवं साइबर सुरक्षा पुलिस विभाग के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




### सोशल मीडिया की सावधानियां और उनसे बचने के उपायों से कराया जागरूक



मुख्य वक्ता के रूप में नोडल अधिकारी साइबर सेल दुर्ग डॉ. संकल्प राय द्वारा छात्राओं को साइबर खतरों और उनसे बचने के उपायों, साफ्टवेयर का अपडेट रखने संबंधी मजबूत पासवर्ड बनाये जाने, साइबर हेल्पलाईन की जानकारी, साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने एवं उनके निवारण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, सोशल मीडिया की सावधानियाँ विषय पर डॉ. राय ने छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं महिला सशक्तिकरण केन्द्र, महिला शक्ति, सखी वन स्टॉफ सेन्टर, चाईल्ड हेल्पलाईन, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, बाल विवाह के रोकथाम से अवगत कराया गया।

### आसपास फैलाएं जागरुकता

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया के प्रयोग से सावधान सुरक्षित और जागरूक रहें तथा आस-पास के लोगों में भी जागरुकता फैलाये। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में आरिफ खान साइबर विशेषज्ञ, प्रीति बाला शर्मा प्रोटेक्सन ऑफिसर, विनीता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, शिल्पी उपाध्याय वित्तीय साक्षरता समन्वयक, लक्ष्मीकांत यादव जेण्डर विशेषज्ञ, सीता कन्नौजे आईसीपीएस और यंग इंडिया एनजीओ से प्रकृति अग्रवाल एवं सौम्या सिंग द्वारा छात्राओं अपने विभागों की प्रमुख जानाकरी दी।
कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. के. एल. राठी, डॉ विजय कुमार वासनिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजूलता साव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### दो मांगें पूरी लेकिन हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

# एनएचएम कर्मियों ने संविदा कुप्रथा की रैली निकाली और फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों ने हड़ताल के पांचवें दिन संविदा कुप्रथा की शव यात्रा निकाली और पुतला दहन किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अमित मिरी के कर्मी शामिल हुए और दुर्ग एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान कर्मी लगातार अपनी मांगों को पूरा करने जमकर नारेबाजी करते मिले। दो मांगों को लेकर राज्य शासन ने आदेश भी जारी कर दिया है लेकिन ये कर्मी अन्य मांगें भी पूरी करने के लिए आंदोलन जारी रखे हुए हैं। संगठन का दावा है कि स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो चुकी है।

### संगठन का दावा, हड़ताल से ये सेवाएं हैं प्रभावित

0 मरीजों को दवाइयाँ उपलब्ध नहीं
0 नवजात शिशु वार्ड बंद सहित पोषण पूरक केंद्र,डी.ई.आई.सी बंद पड़े हैं
0 शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट,सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जाँच बाधित,
0 स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह ठप
0 रूटीन टीकाकरण बंद, संस्थागत प्रसव सुविधा बंद हो गया हैं,
0 टीबी, मलेरिया, कुष्ठ सहित मौसमी सर्दी खासी बुखार,टाइफाइड जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयाँ नहीं मिल रही
स्वास्थ्य विभाग, सरकार का विभिन्न ऑनलाइन एंट्री पूरी तरह बंद हैं,
0 सुदूर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित कई अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ गई है और कई अस्पताल पूरा बंद हैं।

### दस में से दो मांगों पर शासन का आदेश पहुंचा

एनएचएम कर्मी दस मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इनमें से दो मांगों पर आदेश राज्य शासन ने भेजा है। जिसमें 2 एनएचएम कर्मियों के सीआर व्यवस्था में सुधार और एक महीने के सवैतनिक दुर्घटना/गंभीर बीमारी पर आदेश दिया गया है। संगठन की मांग हैं कि 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जिससे नाराज़ कर्मचारी अब अनिश्चितकालिन हड़ताल पर हैं।

### आज पोला उत्सव

**भिलाई।** आदर्श सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल द्वारा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर पोला उत्सव 23 अगस्त शाम 4 बजे आयोजित किया गया है। महिलाओं व पुरूषों के लिए विभिन्न खेलकूद होंगे। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल है।

### नाम परिवर्तन शपथ पत्र


मैं ISAAC JOHN SHELLEY उम्र 43 वर्ष पिता श्री ISAAC J SHELLEY पता-क्वा.नं. 7/B, सड़क-33, सेक्टर-10, भिलाई नगर, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि :-
1. यह कि भारतीय स्टेट बैंक शाख मार्केट एरिया, सेक्टर 10, भिलाई के संयुक्त बचत खाता क्रमांक 36887040957, सुकन्या समृद्धि खाता है जो कि मेरे एवं मेरी नाबालिग पुत्री के नाम पर दर्ज है, मे मेरी पुत्री का नाम JOANNA SHELLEY दर्ज है।
2. यह कि मेरी पुत्री के आधार क्र. 5425 8415 2866 एव पेन क्र. FISPS4728E में मेरी पुत्री का नाम JOANNA ISAAC SHELLEY दर्ज है। जो मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम है।
3. यह कि JOANNA SHELLEY एवं JOANNA ISAAC SHELLEY दोनो नाम एक ही बच्ची का नाम अर्थात् यह दोनो नाम मेरी एक ही पुत्री का नाम है।
4. यह कि उक्त संयुक्त बचत खाता में मेरी पुत्री नाम सुधार कर उनके आधार एवं पेन क्रमांक अनुसार JOANNA ISAAC SHELLEY दर्ज किया जाए।

शपथकर्ता














छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री
एवं वर्तमान लोकप्रिय विधायक
माननीय श्री भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।
ईश्वर आपको दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और प्रसन्नता प्रदान करें।

# महिला समृद्धि सब्जी बाजार में निगम ने हटाए 25 से अधिक अतिक्रमण

## दुकानदारों द्वारा दोबारा किए गए अतिक्रमण पर निगम की सख्ती, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग ने सुबह महिला समृद्धि सब्जी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में तोड़ दस्ते ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पिछले दिनों निगम द्वारा यहां से अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन कुछ दुकानदारों ने पुनः सड़क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने बॉस–बल्ली गाड़कर व तंबू डालकर बाजार की सड़कों को संकरा कर दिया था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस पर निगम ने तत्काल एक्शन लेते हुए पूरे क्षेत्र को खाली कराया। निगम की इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों और खरीदारों ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी और यातायात व्यवस्था बिगड़ रही थी। कार्रवाई के बाद बाजार में आवाजाही सुगम हुई है।

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त करना और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना निगम की प्राथमिकता है। किसी भी हाल में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अभियान में 25 से अधिक अतिक्रमण हटे

कार्रवाई के दौरान टीम ने बाजार के चारों ओर लगे तंबू, खोमचे और बॉस–बल्ली को हटवाया। निगम ने बताया कि महिला समृद्धि बाजार सहित आस-पास के क्षेत्रों में 25 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए हैं।



### महापौर और आयुक्त का सख्त रुख

महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम लगातार अभियान चला रहा है। आम नागरिकों की सुविधा और यातायात की सुगमता के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और दोबारा अतिक्रमण करने से बचें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### अतुल ने दी उम्मीदवार राधाकृष्णन को बधाई

**भिलाई।** नई दिल्ली पहुँच भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदेश भाजपा नेता ने एनडीए की ओर से उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से सौजन्य मुलाक़ात कर अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की । साथ ही आशीर्वाद लिया ।अतुल पर्वत ने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राधाकृष्णन का अनुभव, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा से चुनाव में विजयश्री प्राप्त करेंगे तथा इस गरिमामयी पद को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव का किया स्वागत



**दुर्ग ।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वालंबन कार्यक्रम में दुर्ग आगमन पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का दुर्ग सर्किट हाउस में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने स्वागत किया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर और सुरेंद्र कौशिक ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। दोनों नेताओं ने उपमुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की।

### तीज मिलन 31 को

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा तीज मिलन महोत्सव का आयोजन 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से विवेकानंद हॉल सभागारमें आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद उपस्थित रहेंगी। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संतोषी निषाद ने बताया कि तीजा तिहार महोत्सव में कई आकर्षक प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें कुर्सी दौड़, फुगड़ी, तीज क्वीन, बिल्लस, गेड़ी नृत्य, लोक नृत्य, क्विज गेम तथा विशेष आकर्षक आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी।

### परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. 54, उरला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग निवासी अनिल पटेल की 19 जुलाई 2023 को मंदिर की दीवार गिरने पर सिर व शरीर में गंभीर चोट आने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम बोरीगारका तहसील व जिला दुर्ग निवासी कु. निशा कुर्रे की विगत 11 जून 2024 को जहरीले सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी।

## स्वदेशी अभियान : स्वदेशी सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में बोले उपमुख्यमंत्री

# विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी को अपनाने की जरूरत : डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

उप मुख्यमंत्री अरुण साव शुक्रवार को दुर्ग जिले के नया बस स्टैंड पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कोका-कोला और पेप्सी जैसी विदेशी पेय सामग्रियों को प्रतीकात्मक रूप से नाली में बहाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान को जागृत करने का माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया हमारे संस्कारों और स्वभाव के कारण कहा जाता है। स्वदेशी केवल उत्पादों का चयन नहीं, बल्कि हमारी आत्मा से जुड़ा विषय है। हम हजारों वर्षों से दुनिया को शिक्षा, आयुर्वेद, विज्ञान और संस्कृति देते आए हैं। यही हमारे संस्कार हैं। उन्होंने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के विचार की महत्ता बताते हुए कहा कि आज भी दुनिया को यदि कोई देश अपना परिवार मानता है, तो वह केवल भारत है।

उप मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रमाण है। आज भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि वहां का हर नागरिक आत्मसम्मान के साथ खड़ा हो सकता है, तो भारत जैसे विशाल देश को भी स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। श्री साव ने कहा कि जब हमारे सैनिक सीमा पर माइनस डिग्री तापमान में देश की रक्षा कर रहे हैं, तो हमें भी अपने घरों में विदेशी वस्तुओं को प्रवेश न देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। हमारे खान-पान, रहन-सहन पर विदेशी वस्तुओं ने मानसिक आक्रमण कर दिया है, जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है।

### कोका कोला और पेप्सी जैसे विदेशी पेय पदार्थों को नाली में बहाया






### कुम्हारों की बनाए मूर्तियों को दे प्राथमिकता

उपमुख्यमंत्री साव ने दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों के बनाए दीयों और गणेश की मूर्तियों को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि स्थानीय कलाकारों से खरीदी गई वस्तुएं न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखेंगी, बल्कि उनके परिवारों का भरण-पोषण भी करेंगी। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन की भूमिका को याद किया और कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन की बड़ी भूमिका रही। आज भी यही भावना देश को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकती है। तन स्वदेशी, मन स्वदेशी, संस्कार स्वदेशी इन्हीं विचारों के साथ आगे बढ़ने को कहा। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जितेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र कौशिक सहित स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन के संयोजक जगदीप पटेल व दिनेश पटेल सहित व्यापारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिलाई रैगिंग न करने की शपथ



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना की अध्यक्षता एवं एंटी रैगिंग समन्वयक प्रो. शंभू प्रसाद के संयोजन में सात दिवसीय रैगिंग नियंत्रण सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख ने छात्र-छात्राओं को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं को जागरूक रहने एवं महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त रखने आह्वान किया गया। पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम रैगिंग मुक्त भारत था। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पूर्वी यादव, बी. कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ने प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमानी चक्रधारी, बी. कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। साथ ही एंटी रैगिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. लिनेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों से रैगिंग क्या है? रैगिंग के प्रकार, एंटी रैगिंग हेल्प लाइन एवं रैगिंग संलिप्तता के लिए दंड के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### श्रीकृष्ण-सुदामा से सीखें मित्रता निभाना - पं. शुक्ला



**भिलाई।** चौहान ग्रीन वैली जुनवानी में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में महामाया मंदिर रायपुर के ज्योतिषी व भगवताचार्य पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सूर्यवंशी राजा नृग की कथा, भगवान के 16107 अन्य विवाह, स्यमन्तक मणि की कथा, पौंड्रक का नकली भगवान बन जाना, जरासंध का वध , शिशुपाल वध, पांडवों की राजसूय यज्ञ और सुदामा चरित्र का वर्णन बताया । व्यास स्वरूप पं. मनोज शुक्ला महाराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही सहायता कर दे, परंतु विडंबना है कि आजकल स्वार्थ की मित्रता अधिक रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है और जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को भी अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए और अगर सच्चा मित्र बनना है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह निश्छल मन होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। यजमान श्रीमती काजल तिवारी - आशीष तिवारी परिवार एवं भक्तों द्वारा श्री कृष्ण - सुदामा के लिए चावल, दाल, गेंहूँ , चना की पोटली अर्पित किये।

## 42 वर्ष पुराना बकाया किराया राशि का अंतर की मांग नियम विरुद्ध : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आम आदमी पार्टी ने आकाशगंगा परिसर में निगम निर्मित किराए पर दी गई दुकानों के दुकानदारों से 42 वर्ष पुरानी बकाया किराया अंतर राशि का मांग करना विधि विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि साड़ा से नगर पालिका निगम बनने से लेकर के वर्ष 2017 तक भिलाई जनता से निगम ने करोड़ों रुपए नामांतरण के नाम पर लिया है। मेहरबान सिंह की जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने आदेश कर नामांतरण राशि वसूलने को विधि विरुद्ध बताया। आरटीआई विंग के प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह, प्रदेश सचिव के ज्योति भिलाई जसप्रीत सिंह, हर चरण सिंह ने प्रेसवार्ता ने बताया कि निगम ने अपनी आय बढ़ाने का यह तरीका जो अपनाया है क्या वह न्याय संगत नहीं है। उन्होंने बताया कि आकाशगंगा परिसर में निगम द्वारा निर्मित दुकानों का वर्ष 1982 से अब तक का किराया राशि का अंतर राशि जो की 8 से 10 लाख रुपए है का डिमांड नोट निगम के दुकान किरायेदारों को भेजा है। 1982 में उक्त दुकान की किराया राशि 660 रुपए थी आकाशगंगा परिसर में निगम द्वारा प्रथम मंजिल तक निर्मित दुकान 100, से अधिक है जिनमें साडा ने कुछ दुकान लीज पर दी तो कुछ दुकान किराए पर दी 1982 में साडा ने जिन दुकानों को किराए पर दिया उनके किराएनामे में हर तीसरे वर्ष में किराए की राशि 10% बढ़ने की शर्त है। जीएसटी वर्ष 2017 से 2025 तक की बकाया राशि का नोटिस भिलाई निगम ने किराएदारों को भेजा है अचानक लगभग 60 से 65000 का जीएसटी की राशि का नोटिस निगम दुकानदारों को मिलने से वे परेशान है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि आकाशगंगा परिसर में दुकानदारों को यह डिमांड नोट भेजना विधि विरुद्ध है आयुक्त से शिकायत पर जांच कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## मां कर्मा प्रोत्साहन समिति करेगी 500 जरुरतमंद बच्चों का सम्मान

**भिलाई।** मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति प्रदेश के सभी जिलों के लगभग पांच सौ से अधिक जरुरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। प्रदेश के अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस समिति का गठन किया है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया गया है। इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के मधु पिल्लै चौक स्थित विमतारा भवन में इस प्रोत्साहन समारोह का आयोजन रविवार 24 अगस्त को किया जा रहा है। सुबह दस बजे से शाम पांच तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।



- रिटायर्ड-अफसर कर्मचारियों ने बनाई संस्था

## सख्ती : नल कनेक्शन कटने के डर से करदाता ने चुकाए 55 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दूसरे ने 50,000 रुपये चुकाने का दिया आश्वासन

नगर पालिक निगम दुर्ग में कर वसूली को लेकर इन दिनों प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के सख्त निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मंगलवार को वार्ड-04 गया नगर में दबिश दी। यहां टीम ने करदाताओं से बकाया राशि वसूल की और जिन लोगों ने टैक्स नहीं भरा था, उनके खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाही के दौरान संजय मिश्रा, विनीत वर्मा सहित टीम अमला मौजूद रहे

सबसे पहले टीम ने जवाहरलाल गुप्ता के मकान पर कार्रवाई की। बताया गया कि पिछले दो वर्षों से उन्होंने नल कर, संपत्ति कर और समेकित कर यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया था। जब टीम ने नोटिस और नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी, तो करदाता ने तत्काल 55,333 जमा कर निगम के खाते में राशि अदा की।

इसके बाद राजस्व विभाग की टीम गेंदालाल यादव के निवास पहुंची। यहाँ दो नल कनेक्शन पाए गए। बकाया वसूली के दौरान एक नल कनेक्शन को काट दिया गया। वहीं शेष नल कनेक्शन पर 50,000 बकाया करदाता से जल्द ही जमा करने की बात कही गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि निगम अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। जिन भी नागरिकों पर बकाया टैक्स है, उन्हें तत्काल राशि जमा करनी होगी, अन्यथा निगम की टीम नल कनेक्शन काटने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि समय पर टैक्स जमा करना हर करदाता की जिम्मेदारी है। टैक्स से ही शहर के विकास कार्य, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जा सकता है।



## धान खरीदी केंद्रों में कंप्यूटर कक्ष, बोर पंप के लिए राशि प्रदान

# सहकारी बैंक की ऋण उप समिति में 720.28 करोड़ का ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में हुई बैठक

कलेक्टर अभिजीत सिंह व प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में ऋण उप समिति की बैठक बैंक में हुई। बैठक में संचालक सदस्य अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, संदीप कुमार भोई उप संचालक संचालक कृषि जिला दुर्ग एवं सचिव के रूप में एसके जोशी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग उपस्थित थे।



बैठक में कुल 309 ऋण प्रकरणों का राशि 720.28 करोड़ ऋण स्वीकृत किया गया। जिसमें फसल ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 से 2027-28 कुल 2 समितियों के लिए राशि 113.06 लाख, उद्यानिकी फसल केला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 5 प्रकरणों में राशि 7.28 लाख, पपीता ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 8.28 लाख, टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 3 प्रकरणों में राषि 6.69 लाख, करेला ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 अंतर्गत 1 प्रकरणों में राशि 0.80 लाख स्वीकृत की गई है।

गौ पालन के लिए केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीन के 153 प्रकरणों में राशि 269.90 लाख एवं नवीनीकरण के 97 प्रकरणों में 158.69 लाख, मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 01 प्रकरणों में 0.78 लाख, बकरी पालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के 4 प्रकरणों में राशि 5.52 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 2 प्रकरणों में राशि 6.00 लाख, मध्यमकालीन नार्मल ऋण 7 वर्ष अंतर्गत 4 प्रकरणों में राशि 6.23 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 17 प्रकरण में राशि 84.95 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा नवीन के 1 प्रकरणों में राशि 5.00 लाख, गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साख सीमा पुनः स्वीकृति 2 प्रकरणों में राशि 10.00 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति पश्चात पुष्टि हेतु 8 प्रकरणों में राशि 7.10 लाख, स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति हेतु 3 प्रकरणों में राशि 7.60 लाख, स्वयं सहायता समूह एन.आर.एल.एम. अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 1.50 लाख, धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर कक्ष, बोर पंप हेतु ऋण स्वीकृति अंतर्गत 1 प्रकरण में राशि 15.90 लाख की स्वीकृति दिया गया। बैठक में बैंक अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक एवं एसपी वाहने शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी जुटाने कलेक्टर पहुंचे खेतों में



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासन के निर्देशों के तहत जिले में खरीफ फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त सर्वे की अद्यतन जानकारी लेने कलेक्टर अभिजीत सिंह खेतों में पहुंचे। उन्होंने दुर्ग तहसील के ग्राम नगपुरा और बोरी तहसील के ग्राम नवागांव में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे के संबंध में अधिकारियों एवं सर्वेयर से जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, अनुविभागीय अधिकारी धमधा सोनल डेविड, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता, तहसीलदार बोरी तारसिंह खरे, अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खुटे, संबंधित राजस्व निरीक्षक, ग्राम कोटवार, कृषक एवं सर्वेयर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आस्था को पीएचडी उपाधि



**भिलाई।** आस्था चतुर्वेदी दुर्ग को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इसके रेग्यूवेशन, चैलेंज ऑफ साइबर लॉ में शोध हेतु पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा गुजरात द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलास्फी अवार्ड पीएचडी अवार्ड प्रदान किया गया। आस्था चतुर्वेदी को यह अवार्ड उनके अकादमिक प्रदर्शन, नवीन शोध प्रस्ताव एवं भविष्य में एआई के रेग्यूवेशन को देखते हुए दिया गया। पारुल यूनिवर्सिटी ने हमेशा से ही शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया है और यह अवार्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एआई आज की दुनिया में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। आस्था चतुर्वेदी को विश्वास है कि उनका शोध इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति लावेगा। आस्था चतुर्वेदी का शोध एआई के व्यवहारिक अनुप्रयोगो तथा एआई से संबंधित रूल्स रेग्यूलेशन पर केन्द्रीत है। जो आज की तकनीकी दुनिया में बहुत प्रासंगिक है। यह अवार्ड आस्था चतुर्वेदी के लिए एक प्रेरणा है और पारुल यूनिवर्सिटी ए प्लसप्लस के लिए भी एक उपलब्धि है कि यह देश के प्रतिभाशाली दिमागो को आकर्षित कर रहा है। आस्था ने प्रारंभिक शिक्षा सेंट जेवियर्स हाई स्कूल दुर्ग से तथा बैचलर ऑफ लॉ (फाइव ईयर) मैट्स यूनिवर्सिटी से तथा मास्टर ऑफ लॉ गुजरात नेशनल लॉ कॉलेज अहमदाबाद से की है।

### न्यौता भोजन पाकर बच्चों में खुशी का माहौल



**उतई।** शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में राखी तिहार मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चो ने मां सरस्वती का पूजन वंदन किया। राखी तिहार उत्सव में सभी छात्र-छात्राएं बहुत ही उत्साहित थे। सभी छात्रों को छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर राखी बांधी गई। तत्पश्चात नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने अपने पुत्र कान्हा साहू के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के 162बच्चों को व शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के 178 बच्चो को न्यौता भोजन के रूप में फल खिलाया गया। बच्चों के द्वारा लगभग 200 प्रकार के राखी का प्रदर्शन बच्चों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कुमार साहू ने सभी बच्चों को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक गिरीश साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए कहा। कार्यक्रम में प्राचार्य वीणा दुबे, शिक्षक कुमार साहू, दीपक साहू, गिरीश साहू, प्रधान पाठक सुंदर लाल देवांगन, रामती पाटिल, निधि गेडाम, संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे, रामेश्वरी चंदेल, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर, दानेश्वरी चंद्राकर, शारदा, दूरपति आदि उपस्थित हुए।

### बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ व चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी दी जानकारी

# बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण ग्रामीणों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में सेक्टर स्तरीय रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कविता ठाकुर थी। परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण श्रीमती उषा झा ने छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। पर्यवेक्षक ममता साहू ने विभागीय योजनाओं पूरक पोषण आहार, बाल संदर्भ शिविर मातृ वंदना व महतारी वंदना योजना की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता लोकमानी साहू ने बाल विवाह से संबंधित बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ वह चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य शिखा मिश्रा ने विवाह उपरांत की परिस्थितियों पर चर्चा की।

इस कार्यक्रम में 138 किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन व सिकलिंग परीक्षण हुआ। जिला सदस्य विक्की मिश्रा ने बाल विवाह से संबंधित जानकारी दी। सरपंच श्रीमती कविता ठाकुर ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विविध प्रतियोगिताओं में रंगोली में प्रथम ज्योति देशमुख ,द्वितीय ऋतु साहू ,तृतीय कल्पना, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम नम्रता, द्वितीय नेहा और तृतीय मुस्कान साहू तथा ड्राइंग प्रतियोगिता प्रथम युक्ति, द्वितीय मेघा और तृतीय हिमांशी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु शपथ दिलाई गई। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित रैली निकाली गई। आयोजन में उप सरपंच योगिता यादव पांच भूपेंद्र सिंह ,राहुल चंद्राकर, मनीष निर्मलकर, रमेश देशमुख, दुर्गेश साहू ,उमा यादव ,लक्ष्मी नाथ देशमुख,जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य विक्की मिश्रा शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग से जनक पटेल, श्रीशांत दुबे खिलेश्वर चंद्राकर,गोविंद साहू ,लक्ष्मी शर्मा ,भाग्यवान यादव,शिक्षा विभाग से शिखा मिश्रा प्राचार्य, रश्मि पाठक, बी आर जोशी ,तोशी पटेल ,संजू मिश्रा ,के साहू, सुमन स्वर्णकार ,नीलिमा गुप्ता, सहारे उमा,प्रतिमा टंडन, हेमा भारद्वाज चंद्रकला यादव मोनिका ताम्रकार वर्षा तिवारी प्रशांत शर्मा, महिला बाल विकास विभाग से उषा झा परियोजना अधिकारी, ममता साहू पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी, कार्यकर्ता सुनीता चंद्राकर, रेखा देवांगन, हिमानी देवांगन, लता देशमुख, चंपा देशमुख, गाजेश्वरी साहू, हेमलता साहू, शैलेंद्र चंद्राकर, निरंजन चंद्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता लोकमणी साहू और चित्ररेखा चंद्राकर शामिल हुए शामिल हुए।

## महिला बाल विकास विभाग ने लगाया मेगा हेल्थ कैंप



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर महिला बाल विकास विभाग जामगांव एम परियोजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में दो महिला समूह को ऋण वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर किया। विशेष रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम महिला बाल विकास विभाग जामगांव एम के परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पा गुप्ता ने इस शिविर और उनके विभाग द्वारा महिलाओं को संबल प्रदान करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। यहां पदस्थ चिकित्सकों के शिविर में शामिल महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की और निशुल्क दवाई भी दी। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत पात्र महिला समूह को ऋण भी दिया गया। जिसमें एक समूह को 20000 एवं एक अन्य समूह को 300000 का चेक प्रदान किया गया। इस शिविर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## गुरु रुद्र कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की उठी मांग, महंत से मिले समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सतनामी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चरण दास महंत के निवास मिलने पहुंचा।

- गुरु खुशवंत को भाजपा सरकार में मंत्री बनाने के बाद सतनामी समाज में हलचल

प्रतिनिधिमंडल में शामिल समाज के लोगों का कहना था कि जब भाजपा सतनामी समाज को साधने के लिए गुरु खुशवंत को मंत्री बना सकती है तो गुरु रुद्र कुमार को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनाया जाए। सन 2008 से गुरु रुद्र कुमार पूरे समाज को साथ लेकर चल रहे है और प्रदेश भर से समाज का एकतरफ़ा समर्थन कांग्रेस को मिलते आ रहा है। वहीं मिनी माता के समय से सतनामी समाज कांग्रेस के साथ खड़ा है।

समाज का प्रतिन्धि मंडल का यह भी कहना है कि अगर इस बार समाज को नजर अंदाज किया जाएगा तो आने वाले चुनाव में हमे भी सोचना पड़ेगा। चरण दास महंत ने शालीनता से सभी की बात सुनी और समाज को उनकी बात दिल्ली में रखने का आश्वासन दिया। समाज के लोग अब सचिन पायलट से मिलने की तैयारी कर रहे है। इस संदर्भ में प्रदेश भर में समाज की बैठक चालू हो गयी है।

## स्वदेशी को बढ़ावा देने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, आइक्यूएसी एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उद्यमिता दिवस पर स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किया गया।

- मचांदुर कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन

प्राचार्य डॉ. संगीता मेहूरिया के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विकास कुमार टांडेकर एवं वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक मुकेश सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उत्पादन को बढ़ावा देने, रोजगार की बढ़ती प्रतिस्पर्धा से मुक्त होकर स्वयं रोजगार पैदा कर सकने की क्षमता उत्पन्न करने की बात कही गई। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक मुकेश सिन्हा ने विद्यार्थियों को आज के कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कौशल योजना को बढ़ावा देने वाली योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल योजना, युवाओं हेतु स्टार्टअप बिजनेस आदि के विषय में जानकारी दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विकास ने उद्यमिता को कौशल आधारित एक विचार बताते हुए विद्यार्थियों में स्थानीय स्तर पर उपयोग की जाने वाली वस्तुओं जैसे दातून, गोबर के कंडे आदि को एक छोटे बिजनेस के तौर पर देखने के विचार का बीजारोपण किया।



### हाइवे पेट्रोलिंग ने घायल को तुरंत पहुंचाया अस्पताल, बची जान

**भिलाई।** खुर्सीपार चौक के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल को हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने तुरंत अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई। घायल अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि उपचार में देर होती तो घायल की जान जा सकती थी। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि गुरुवार की शाम 5.30 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि खुर्सीपार चौक के पास एक वाहन चालक एक पैदल युवक को टक्कर मारकर भाग गया है। सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल को अपनी गाड़ी से सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। यहां उसे त्वरित उपचार मिलने से उसकी जान बचाई जा सकी।

### शिक्षा की राह में मौत का डर भी नहीं रोक पाया इनका हौसला

# जान हथेली पर लेकर नदी पार कर रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के मुढ़पार गांव में बच्चे आज भी अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस गांव में पांचवीं तक ही स्कूल है। इसके बाद की पढ़ाई के लिए बच्चों को घोटवानी गांव जाना पड़ता है, जो यहां से लगभग 2 किलोमीटर दूर है।

लेकिन इन दोनों गांवों के बीच बहने वाली नदी बारिश में उफान पर है। हर सुबह ये मासूम बच्चे, हाथ में बस्ता और दिल में डर लेकर नदी पार करते हैं — बिना पुल, बिना नाव, बिना किसी सुरक्षा के। कई बार बच्चों की साइकिलें बह चुकी हैं, और कुछ बच्चों ने डर के कारण स्कूल जाना तक छोड़ दिया है।



**डर तो लगता है लेकिन स्कूल जाना भी जरूरी**

बच्चे कहते हैं हमें डर तो लगता है, लेकिन स्कूल जाना जरूरी है। नहीं पढ़ेंगे तो क्या करेंगे? बच्चे और उनके परिजन शासन-प्रशासन के जवाब का इंतजार कर रहे हैं कि आखिर कब क्या मुढ़पार गांव को भी सुरक्षित रास्ता, पुल और बेहतर भविष्य मिलेगा।

**बाढ़ में फंसे, उम्मीदों में जीते ग्रामीण**

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि बरसात में जब नदी और नाले उफान पर होते हैं, तो गांव पूरी तरह से कट जाता है। बाहर जाने का कोई रास्ता नहीं बचता। प्रसव के दौरान समय पर अस्पताल न पहुँच पाने के कारण नवजात मौत के मुंह में समा चुके हैं। गांव में न तो पक्की सड़क है, न पुल-पुलिया और न ही पर्याप्त सरकारी सहायता। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़तीं।

### मकान से 91 हजार रुपए की चोरी

**भिलाई।** दीवाल फांदकर मकान में चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम कपसदा कुम्हारी निवासी मनहरण लाल वर्मा सिविल इंजीनियरिंग सर्विसेस कंपनी रायपुर में कार्यरत है। अपने काम पर रायपुर चला गया था। 21 अगस्त की दोपहर पत्नि सुनीता वर्मा ने फोन कर मकान में चोरी होने की सूचना दी। मकान में ताला जड़कर बच्चों को लेने पत्नी स्कूल बस स्टॉपेज गई हुई थी। वापस लौटकर आने पर उनके मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी से जमीन पर पर्स वगैरह बिखरा पडा हुआ था। अज्ञात ने सोने चांदी के जेवरात नगदी 20 हजार रुपए भी मकान से गायब मिला। कुल सामानों की चोरी 71 हजार की है। अज्ञात चोर मकान का दीवाल फांदकर घर के भीतर प्रवेश कर सारा सामान पार कर दिया।

## अंचल व शहर की खबरें

### पूर्व सीएम बघेल के जन्मदिन पर आज जुटेंगे कार्यकर्ता



**सेलूद।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर पाटन कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। 23 अगस्त को नेताजी सुभाष स्टेडियम सिविल लाइन रायपुर में होने वाले तीजा-पोरा तिहार एवं पारंपरिक खेल महोत्सव आयोजन में भूपेश बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान ममता चंद्राकर, कविता वासनिक, हिमानी वासनिक, पूनम विराट, बेला विराट, गोरेलाल बर्मन, हिरेश सिन्हा, जितेश्वरी सिन्हा कंचन जोशी, सुनील सोनी, संतोष साहू, घनश्याम महानंद, सुमन आरू साहू और गरिमा दिवाकर सहित कई कलाकार लोकगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

### जितेन्द्र से मिले भाजपा कार्यकर्ता, दी बधाई



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लीकेश्वर देशमुख के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ने नवनिर्वाचित प्रदेश भाजपा मंत्री जितेन्द्र वर्मा से जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पवन देवांगन मंडल उपाध्यक्ष, राजू चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति सेजस विद्यालय चंदखुरी, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य, भैय्या लाल साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निकुम, भागवत पटेल सरपंच निकुम एवं अन्य उपस्थित थे।

### एबीपीएम शिंदे को दी आत्मीय विदाई



**जामगांव आर।** डाक कर्मी समूह ने जामगांव आर में पदस्थ सहायक शाखा पोस्टमास्टर (एबीपीएम) बसंत शिंदे को सेवानिवृत पर आत्मीय बिदाई दी। समारोह में जामगांव आर, करेला, बेलहारी, धमना, सुरपा, निपानी, रनचिरई और भाठागांव आर सहित सभी डाकघरों के अधिकारी कर्मचारियों का सहयोग रहा। समारोह में शाखा डाकपाल सुरपा पुनीत राम, सागर कुमार साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रहलाद कुमार बन्छोर, अनिता ठाकुर ,अर्चना चंद्राकर और सागर कुमार साहू ने श्री शिंदे को सम्मानित किया। अपने संबोधन में बसंत राव शिंदे ने कहा कि सभी साथी एक परिवार तरह काम करे काम को पद गरिमा के अनुरूप करे, इससे सेवाकाल आनंददाई और यादगार बन जाएगा। समारोह मे शाखा डाकपाल जामगांव आर अर्चना चंद्राकर, सहायक शाखा डाकपाल अनिता ठाकुर, शाखा डाकपाल करेला प्रहलाद कुमार बन्छोर, सहायक शाखा डाकपाल करेला सागर कुमार साहू, शाखा डाकपाल सुरपा पुनीत राम साहू, शाखा डाकपाल रनचिरई शिव कुमार साहू, शाखा डाकपाल रानीतराई अश्वन कुमार नेताम, सहायक शाखा डाकपाल रानीतराई दुलार सिंह ठाकुर, सहायक शाखा डाकपाल निपानी राधेश्याम सिन्हा, शाखा डाकपाल धमना जशवंत कुमार शोरी, सहायक शाखा डाकपाल बेल्हारी रीना साहू, शाखा डाकपाल भाठागांव आर मुन्नी ठाकुर और सहायक शाखा डाकपाल भाठागांव आर महिमा लहरे साहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### विधायक रिकेश ने कलाकारों को किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** आशा वैष्णव एवं भूषण नादिया तथा डायरेक्टर हरजिंदर सिंह मोटिया की छत्तीसगढ़ी फिल्म दिल-विल का शूटिंग छत्तीसगढ़िया महार समाज के समाजिक भवन वार्ड-15 सुपेला भिलाई में चल रही हैं। जिसमें वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कलाकारों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग के लिए कही भी और लोकेशन की आवश्यकता होगी तो उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी फिल्म दिल-विल के कलाकार जागेश वर्मा, तुषार वर्मा, ऊषा विश्वकर्मा निर्माता आशा वैष्णव एवं भूषण नादिया, डायरेक्टर हरजिंदर सिंह, प्रोडक शन मैनेजर रियाज मनसूरी सहायक निर्देशक चंदन सिंह, राजपूत, हिमांशु तथा विशेष रूप से छत्तीसगढ़ीया महार समाज के क्षेत्र भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष दीपक सहारे, डॉ. आरपी. पटेल उपस्थित थे।

### खपरी सिलोदा में सीसी रोड निर्माण शुरू



**अंडा।** ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के आश्रित ग्राम सिलोदा में दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर के प्राप्त निधि से विकास कार्य शुरू हुआ है। जिसमें सीसी रोड निर्माण कार्य 6 लाख 10000 एवं अधो संरचना विकास एवं पर्यावरण मध्य राशि 5 लाख, डी. एम. एफ 4 लाख 50 हजार, समग्र विकास योजना के तहत 5 लाख 20 हजार का कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच अनसूया नारायण साहू ने कहा कि गांव का विकास सबका विकास होगा और भाजपा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में छूटे हुए लोगों का नाम जोड़ा जाएगा। इस अवरस पर ग्राम सरपंच अनसूया नारायण साहू, बुधराम रावत, नरेश पवार, लक्ष्मीबाई राजपूत, चित्रलेखा निषाद और जितेंद्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पुसेवाड़ा में स्वास्थ्य शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दुल्की माइन्स के समीप स्थित ग्राम पुसेवाड़ा में किया गया। शिविर में 51 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### अवैध संचालित ठेला को निगम ने हटाया

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरू नगर यातायात कंट्रोल टावर से लगा हुआ यात्री बस प्रतीक्षालय को ढक कर नारियल पानी की दुकान संचालित कर रहा था। शिकायत मिली थी कि बगल में देशी शराब दुकान होने के कारण कुछ असमाजिक लोग वहां पर रोज शाम को बैठे रहते हैं, जिसके कारण आम लोगों को परेशानी होती थी। 77 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र के कर्मचारी एवं निगम के कर्मचारी भी निवास करते है, उन्हें भी परेशानी हो रही थी। बार-बार मना करने के बाद भी जब नहीं माने तब पूरी कार्रवाई की गई।

## परंपरा का पतन : नब्बे प्रतिशत खेती किसानी के लिए बढ़ा हार्वेस्टर का चलन

# ट्विनसिटी सहित जिले में सिमट रहा बैल युग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार पोला तिहार पर गौधन की पूजा के पहले और बाद गांवों में खेतों, खलिहान और कोठाओं तक गाय बैलों की दिखाई देने वाली सदाबहार रौनक अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। ट्विनसिटी सहित जिले के ग्राम्यांचल में चलो रे संगी खेत जोते बर नागर लेके जाबो जैसे लोक गीतों के बीच घंटियां बजाती बैलों की जोड़ी और पगडंडियों में दौड़ती बैलगाड़ी विकास की भेंट चढ़ गई है। बदलते दौर में मशीनीकरण के चलते भारतीय अर्थ व्यवस्था की बैकबोन माने जाने वाले कृषि का पारंपरिक संसाधन गौधन सड़कों पर कुचलने के साथ विलुप्ति के कगार पर है। किसानों के मुताबिक वैज्ञानिक और पारंपरिक खेती में संतुलन बनाकर ही गाय बैलों की रक्षा के साथ गांधीजी के सच्चे ग्राम सुराज का सपना पूरा हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक डेढ़ दशक से प्रदेश के साथ भिलाई दुर्ग सहित जिले के ग्राम्यांचल में भी बैलों से होने वाली पारंपरिक खेती से सिमटती जा रही है। विकास और लाभ की अंध रफ्तार में अत्याधुनिक साधनों के चलते हजारों साल से खेती किसानी के लिए उपयोग हो रहे गौधन का चलन अब धीरे धीरे कम होता जा रहा है। इससे सुविधायुक्त फार्मिंग और बंफर फसल का का लाभ तो रहा है लेकिन बैलों और अन्य गौवंश की बढ़ती अनुपयोगिता, उनकी दयनीय हालत और विषाक्त रासायनिक फसल के साइड इफेक्ट से किसान चिंतित हैं।

### सड़कों पर घूम रहे तीन लाख आवारा मवेशी



### पारंपरिक खेती सिमटने से बढ़े आवारा मवेशी

किसान नेताओं के अनुसार जिले में भी वैज्ञानिक खेती के बढ़ते ट्रैंड के कारण दो हजार से साल से पांरपरिक खेती किसानी के लिए उपयोग होने वाले बैल चलन से बाहर होते जा रहे हैं। जोताई, बोआई, रोपाई व मिंचाई से लेकर खेतों से मंडी व धान उपार्जन केंद्रों तक ढुलाई के लिए हार्वेस्टर, ट्रैक्टर और ड्रिल आदि आधुनिक कृषि मशीनों के बढ़ते इस्तेमाल से गौवंश विलुप्तप्राय ही नहीं बल्कि वे खतरनाक सड़कों पर आवारा मवेशी का दंश झेलने मजबूर हैं। दुर्ग के किसान नेता राजकुमार गुप्ता बताते हैं कि पूंजीवादी विकास की दौड़ ने पारंपरिक खेती के प्रमुख साधन गौवंश यानी बैलों को ही हमसे नहीं छीना बल्कि गांधी के ग्राम सुराज के सपने को भी अधूरा कर दिया है। दुर्ग संभाग में भी की 90 प्रतिशत खेती हार्वेस्टर, ड्रिल और आदि आधुनिक मशीनों से हो रही है। हल और हंसिया युग तेजी से समाप्तप्राय होने से बैल अनुपयोग ही नहीं वरन गांव से शहरों तक सड़कों पर मरने और और घायल होने के लिए छोड़ दिए हैं। गांवों में खेती के लिए बैल तैयार करने बछड़ों का बधियाकरण बंद होने से खतरनाक सांडों से सड़कों पर जानलेवा दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। । हम अधिक फसल के लाभ के फेर में हम गोबर से कंपोस्ट खाद के बदले यूरिया और डीएवी तथा खतरनाक पेस्टीसाइड के उपयोग से विषाक्त फसल या अनाज खाकर कई तरह की बीमारियों के शिकार अलग हो रहे हैं।

### स्लाटर हाउस की चढ़ रहे भेंट

भिलाई दुर्ग सहित पूरे संभाग में तीन से पांच लाख गौधन है। इनमें करीबन 80 प्रतिशत गाय, बैल, सांड व बछड़े आदि गौधन को सड़कों पर आवारा छोड़ दिया गया है। इससे ये मूक जानवर तो बेमौत मर ही रहे हैं साथ ही आए दिन वाहन चालक भी विकलांग व मर रहे हैं। जुनवानी के किसान रेखराम यादव बताते हैं कि बढ़ते शहरीकरण व नागर आदि कार्य में बैलों का उपयोग कम होने तथा खली चूनी बहुत महंगा होने से पशुपालकों के पास गाय बैल रखने घर में न जगह है और न खिलाने के लिए पर्याप्त पैसे हैं। फिर कई स्वार्थी लोग दूध दुहने के बाद चारे के खर्च से बचने खुला छोड़ दे रहे हैं। हजारों गाय बैल स्लाटर हाउस की भेंच चढ़ रहे हैं। सरकारें भी गौधन के संरक्षण को लेकर गंभीर नहीं हैं। किसान नेता राजकुमार गुप्ता बताते हैं कि हमें वैज्ञानिक खेती व पारंपरिक कृषि में संतुलन बनाकर ही गौधन की रक्षा कर सकते हैं।



## आयुक्त ने ई-लाईब्रेरी एवं ट्रैफिक पार्क का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम के जोन क्रमांक 5 अंतर्गत शहीद उद्यान में ई- लाइब्रेरी एवं ट्रैफिक पार्क का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण। आयुक्त ने सेक्टर 5 शहीद उद्यान में अधोसंरचना मद अंतर्गत निर्माणाधीन ई-लाईब्रेरी एवं रीडिंग रूम का निरीक्षण किया। ई-लाईब्रेरी के बनने से शहर के युवाओं को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी में सुविधाएं मिलेगी। युवाओं के पढ़ने के लिए शांत वातावरण एवं अलग से रीडिंग रूम रहेगा। जहां युवाये एकाग्र होकर अपने विषय से संबंधित पुस्तकें पढ़ सकेगें। शहर वीडियो एवं विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ा तोहफा है। आयुक्त पाण्डेय द्वारा सिविक सेंटर स्थित ट्रैफिक पार्क का निरीक्षण किया गया । ट्रैफिक पार्क में नागरिकों को यातायात के नियमों की जानकारी मिलेगी जो कि शिक्षाप्रद है। उद्यान में हरियाली, ब्यूटीफिकेशन एवं बच्चो हेतु खेलकूद सामग्रियों को प्राथमिकता दिया गया है। शिक्षाप्रद जानकारी के लिए सपरिवार घूमने एवं मनोरंजन हेतु ट्रैफिक पार्क अनुकूल एवं सही है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, ठेकेदार कुणाल बिल्डर्स एवं प्रमोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

- निर्माणाधीन ई-लाईब्रेरी एवं रीडिंग रूम का निरीक्षण कर दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

## निधन

### जीपी शर्मा



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग के रिटायर्ड प्रोफेसर जीपी शर्मा 21 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को हारनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे रिटायर्ड बीएसपी कर्मी मोहन शर्मा, निगम के रिटायर्ड कर्मी मुरारी शर्मा, अधिवक्ता धन्नू शर्मा, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. दुर्गा शुक्ला, डॉ. लक्ष्मी शर्मा और नरेंद्र शर्मा के बड़े भाई थे।

### सरोज अग्रवाल



**दुर्ग।** गयानगर दुर्ग निवासी सरोज अग्रवाल (87 वर्ष) का गुरुवार की देर रात सेक्टर-9 हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे परसबोड़ धमधा वाले स्व. मंगलू दाऊ मंगल प्रसाद अग्रवाल के पुत्र, ललित अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल के भाई, ज्योति अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सीमा अग्रवाल के पिता और कृष अग्रवाल के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा गयानगर स्थित निवास से निकाली गई।

### पोषण लाल चंद्राकर



**भिलाई।** बीएसपी कर्मचारी पोषण लाल चंद्राकर (51 वर्ष) शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को दोपहर 1 बजे रिसाली सेक्टर से रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### बुधनतीन साहू



**सेलूद।** बुधनतीन साहू (88 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा राजीव नगर वार्ड ,शिव नगर वार्ड 2 से निकलेगी। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। नरोत्तम साहू की माता थीं।

### विश्वकांत भागवत



**भिलाई।** पांच रास्ता सुपेला निवासी विश्वकांत भागवत (49 वर्ष) का निधन 22 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वप्निल व पीयूष के पिता थे।

## प्रियारंजन होंगे बोकारो स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पीआईसीबी में बीएसपी के ईडी राकेश कुमार भी थे शामिल

भिलाई इस्पात संयंत्र के बाद सेल के दूसरे सबसे बड़े उपक्रम बोकारो स्टील प्लांट के नए प्रभारी निदेशक सेल दिल्ली के डायरेक्टर प्रिया रंजन होंगे। वे 31 अगस्त को रिटायर हो रहे निदेशक प्रभारी बीके तिवारी की जगह लेंगे। बोकारो के नए निदेशक प्रभारी के चयन के लिए सलेक्शन कमेटी में बीएसपी के ईडी राकेश कुमार भी सदस्य थे। शुक्रवार देर शाम सेल मुख्यालय दिल्ली द्वारा जारी आनालाइन परिणाम में सेल के डायरेक्टर प्रिया रंजन के बोकारो स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज के रुप में नाम की घोषणा की गई है। इसके लिए विभिन्न उपक्रमों के 12 अधिकारियों ने इंटरव्यू दिया था। सभी से पब्लिक इंटर प्राईजेस सलेक्शन बोर्ड ने इनमें प्रियारंजन का चयन किया। इंटरव्यू देने वाले दर्जन भर अधिकारी उम्मीदवारों में एस सुब्बा राव कार्यकारी निदेशक दुर्गापुर स्टील प्लांट, दीपेंदु घोष कार्यकारी निदेशक संकार्य इस्को इस्पात संयंत्र, संदीप कुमार कर कार्यकारी निदेशक आरडीसीआईएस, सेल दिलीप कुमार मिश्रा, कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी सीओओ, सेल रिफेक्ट्री, राकेश कुमारी कार्यकारी कार्यपालक निदेशक बीएसपी,मुन्ना प्रसाद सिंह कार्यकारी निदेशक आरएसपी और प्रिया रंजन कार्यकारी निदेशक सेल दिल्ली शामिल थे। उल्लेखनीय है कि बोकारो के नए डायरेक्टर इंचार्ज प्रियारंजन के चयन के लिए उनके कुशल प्रशासकीय अनुभव और विभिन्न संयंत्रों में दीर्घसेवा को माना जा रहा है।

## नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेन्द्र का धमधा, साजा, बेमेतरा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नवनियुक्त स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव गंडई, धमधा, साजा, बेमेतरा एवं कवर्धा प्रवास पर पहुंचे। उनके स्वागत में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे एवं ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

- शिक्षा मंत्री बने भांजे को मामा-मामी ने दिया आशीर्वाद

स्वागत में भाजपा के सभी मंडलों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री में शामिल किये जाने के बाद मंत्री गजेन्द्र यादव धमधा के पास राखी गांव अपने मामा मामी से मिलने पहुंचे, जहां पूरे परिवार ने आरती लेकर उन्हें मंगल आशीष दिए। प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों एवं शिक्षकों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शीघ्र ही शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने ठोस पहल करने का आश्वासन दिया।

बेमेतरा प्रवास के दौरान सिग्नल चौक पर क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक अवधेश चंदेल, जिलाध्यक्ष अजय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय सिन्हा, रजक बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक सहित बेमेतरा भाजपा परिवारजन ने मंत्री श्री यादव का स्वागत किया। इसके उपरांत बेमेतरा सर्किट हाउस में शिक्षा मंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट की।

इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा बेमेतरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साजा बस स्टैंड में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री यादव का स्वागत किया।

## शहर की खबरें

### एक पेड़ मां के नाम में सांसद बघेल शामिल हुए



**भिलाई।** एक पेड मां के नाम अभियान में भिलाई तीन स्थित शांति नगर में पौध रोपण में सांसद विजय बघेल पहुंचे। सांसद ने कहा कि पौध रोपण जैसे करते उसकी देखभाल करना भी हमारा काम है। पौधा जब वृक्ष बनता है तब सभी को छाया भी प्रदान करता है। हर किसी को एक पौधा जरुरी लगाना चाहिए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा, वरुण यादव, विपिन चंद्राकर, विजय कोईरी,तुलसी ध्रुव, कीर्ती नायक, मोकेश्वर वर्मा पहुंचे थे।

### संविदा महिला श्रमिकों को किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग द्वारा मानव संसाधन मिल्स ज़ोन-3 के सहयोग से महिला संविदा श्रमिकों के लिए विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा और जीएम सी पद्मनाभन व संजय त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सहायक प्रबंधक तन्मयी मारेपल्ली ने प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल पर मनोवैज्ञानिक सुरक्षा, महिला श्रमिकों से संबंधित श्रम कानून, पॉश अधिनियम, शारीरिक खतरों एवं उनसे बचाव के उपायों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए ऐसे सुरक्षित स्थल बनाए जाने चाहिए जहाँ वे बिना संकोच अपनी बात रख सकें। सहायक प्रबंधक दीपक पर्या ने औद्योगिक क्षेत्र में शारीरिक सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षा परिधान एवं उपकरणों के सही उपयोग, संयंत्र परिसर में गति सीमा का पालन, खतरनाक गैसों से सुरक्षा तथा सुरक्षा उल्लंघनों पर संयंत्र की शून्य सहनशीलता नीति पर जागरुक किया।

### आज के युग में सूचना ही क्रांति : प्रो. पाण्डेय




**कुम्हारी।** प्रसिद्ध वैज्ञानिक और भारत के पहले राष्ट्रीय वैज्ञानिक सूचना केंद्र के संस्थापक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगानाथन की जयंती पुस्तकालय दिवस के रूप में द आईसीएफ़एआई विश्वविद्यालय के सभागार में मनाई गई। डॉ. रंगनाथन ने भारत में आधुनिक पुस्तकालय प्रणाली की नींव रखी थी। ग्रंथागार विभाग के इस में विशिष्ट अतिथि, ग्रंथागार प्रमुख, केन्द्रीय पुस्तकालय, एनआईटी रायपुर, डॉ. सुनील कुमार सतपथी एवं इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसडी पाण्डेय उपस्थित थे।

अपने उद्बोधन में प्रो. पाडेय ने कहा कि आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है, जहाँ सूचना ही शक्ति है। ऐसे समय में पुस्तकालयों की भूमिका केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे डिजिटल सूचनाओं के संग्रह, प्रसारण और विश्लेषण के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. सुनील कुमार सतपथी ने पुस्तकालयों के बदलते स्वरूप, डिजिटल संसाधनों की बढ़ती महत्ता और सूचना तकनीक के साथ पुस्तकालयों के एकीकरण की दिशा में उपयोगी जानकारियाँ साझा कीं। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय, सभी विभागाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में कुलसचिव ने आभार व्यक्त किया।

## कर्मियों को यौन उत्पीड़न को लेकर किया जागरूक

**भिलाई।** छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई की आंतरिक परिवाद समिति द्वारा "यौन उत्पीड़न पर जागरूकता कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के विधि विभाग की सहायक प्राध्यापक 'डॉ. प्रिया राव' ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। कार्यशाला का आयोजन आंतरिक परिवाद समिति एवं अधिकारियों, सलाहकारों, कर्मचारियों सभी के लिए किया गया था। विश्वविद्यालय के समिति के सदस्य (डॉ. दिप्ती वर्मा, अध्यक्ष एवं सदस्य डॉ. रोहित मिरी, पूर्वी चंद्राकर, सीमा सोनी, रेणु साहू, ज्योति साहू) तथा टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे। डॉ. राव ने अपने व्याख्यान में 'विशाखा गाइडलाइन' के निर्माण, इसके वर्ष एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह गाइडलाइन कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही है। साथ ही उन्होंने 'यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम' की पृष्ठभूमि, प्रावधानों एवं इसके प्रभावी कार्यान्वयन की जानकारी भी दी। डॉ. राव ने कार्यशाला में उपस्थितजनों को 'आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) की संरचना, कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया।



- तकनीकी विश्वविद्यालय में आंतरिक परिवाद समिति द्वारा जागरुकता कार्यशाला

## जमीन पर शराब दुकान खुलवाने का झांसा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जमीन पर शराब भट्ठी खुलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम रिंगनी निवासी श्रीकांत साहू को फरार आरोपी भवानी शंकर तिवारी आबकारी विभाग में अधिकारियों से सिफारिश पर जमीन पर शराब भट्ठी खुलवाने 7.28 लाख रुपए किस्तों में लिया था। जब साल भर से पीड़ित के जमीन पर शराब दुकान नहीं खुला तो रकम वापस की मांग किया। इससे परेशना पीड़ित ने शिकायत पुलिस में की। पुलिस ने चरोदा बस्ती नेहरु नगर चौक निवासी फरीद अहमद को पकड़ा गया है। फरार भवानी शंकर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## राजीव गांधी की जयंती पर एकत्रित हुए कांग्रेसी

# राजीव ने किया था डिजिटल इंडिया का सूत्रपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं अमर शहीद स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सेलूद विश्राम गृह में मनाई गई। कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए आदर्शों व नीतियों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। यदि वे नहीं होते तो आज देश तकनीकी रूप से इतना आगे नहीं बढ़ पाता।

उन्होंने कंप्यूटर क्रांति और टेलीकॉम क्रांति की नींव रखी, जिससे आज भारत डिजिटल युग में मजबूती से खड़ा है। मिश्रा ने कहा कि देश की तरक्की और विकास की हर राह में राजीव गांधी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा ने राजीव गांधी को युवा नेतृत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महज 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बनकर राजीव गांधी ने देश को नई दिशा दी। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर उन्होंने गाँवों तक लोकतंत्र की पहुंच सुनिश्चित की। उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में राजीव गांधी के सपनों को साकार करने और देश की निरंतर प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा ,राजेश ठाकुर, अशोक साहू, अश्वनी साहू, उमाकांत चंद्राकर, खिलेश मार्कण्डेय, उमेश साहू, आनंद बघेल, आभास दुबे, नीरज सोनी, गोपाल देवांगन, सालिक साहू, युवराज साहू, डेविड बघेल ,वेदांश बघेल, दिनेश साहू बल्लु राय यदु त्रिभुवन अजयसिंह राकेश साहु संजय यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे ।




23 अगस्त
छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री
श्री भूपेश बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
श्री निर्मल कोसरे
महापौर, नगर पालिक निगम
भिलाई चरोदा
श्री कृष्णा चन्द्राकर
सभापति, नगर पालिक निगम
भिलाई चरोदा
श्रीमती संतोषी निषाद
एम.आई.सी सदस्य
श्रीमती दीप्ति वर्मा
एम.आई.सी सदस्य
श्रीमती देवकुमारी भलावी
एम.आई.सी सदस्य
श्री एस. वेंकट रमना
एम.आई.सी सदस्य
श्री मोहन साहू
एम.आई.सी सदस्य
श्री एम. जॉनी
एम.आई.सी सदस्य
श्री ईश्वर साहू
एम.आई.सी सदस्य
श्री मनोज डहरिया
एम.आई.सी सदस्य
श्रीमती ठामेश्वरी साहू
पार्षद
श्री भूपेन्द्र वर्मा
पार्षद
श्री संतोष तिवारी
पार्षद
श्री हेमंत वर्मा
पार्षद
श्रीमती शारदा मदनकर
पार्षद
श्री डे साहब वर्मा
पार्षद
श्री अभिषेक वर्मा
पार्षद
श्री मनीष वर्मा
पार्षद
श्री टेनेन्द्र ठाकरे
पार्षद
श्रीमती भारती राम सूर्यवंशी
पार्षद
श्री रवीन्द्र हरपाल
पार्षद
श्री ललित दुर्गा
पार्षद
श्रीमती सुषमा चन्द्राकर
पार्षद
श्री कामता साहू
पार्षद


आपको
हमारी
उमर लग
जाये...
पूर्व मुख्यमंत्री
मान. भूपेश बघेल जी
छ.ग. शासन
बंटी गिरवर साहू
शीजू एंथोनी
लक्ष्मीपति राजू
धर्मेन्द्र यादव
संदीप निरंकारी
साकेत चन्द्राकर
एकांश बंछोर
आदित्य सिंग
मननान गफार खान